# नगर विकास न्यास, अलवर

## आय–व्यय अनुमान वर्ष 2022–2023

## एवं

## वास्तविक आय–व्यय वर्ष 2021–2022

न, वि, अ,


श्री शिवप्रसाद एम. नकाते (I.A.S.)
अध्यक्ष
नगर विकास न्यास, अलवर

डॉ मंजू (I.A.S.)
सचिव
नगर विकास न्यास, अलवर

# कार्यालय नगर विकास न्यास, अलवर

**– : आय व्यय अनुमान वर्ष 2022–23 एवं वास्तविक आय–व्यय वर्ष 2021–22 पर टिप्पणी :–**

राजस्थान नगर विकास न्यास नियम 1961 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसरण में नगर विकास न्यास, अलवर का आय–व्ययक अनुमान वर्ष 2022–23 एवं वास्तविक आय–व्यय वर्ष 2021–22 न्यास के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है :–

(राशि लाखों मे)

| क्र.स0 | विवरण | अनुमान वर्ष 2021–22 | वास्तविक वर्ष 2021–22 | अनुमान वर्ष 2022–23 |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राप्तियॉ मद | 26347.00 | 20899.20 | 27060.00 |
| 02 | व्यय मद | 26347.00 | 12951.27 | 27060.00 |

**01. प्राप्तियॉ मद** : –

वर्ष 2021–22 में न्यास के विभिन्न मदों से कुल 26347.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया था, जिसके विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियॉ 2021–22 में न्यास को कुल 20899.20 लाख रूपये की हुई है। यदि वित्तीय वर्ष 2021–22 के प्राप्तियों के लक्ष्य में ऋण प्रावधान एवं केन्द्रीय सहायता प्रावधान राशि को हटा दिया जाए तो प्राप्ति लक्ष्य 23127.00 लाख रूपये के विरूद्व वास्तविक प्राप्तिया राशि रूपये 20420.67 लाख रूपये रही है। वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रशासन शहरो के संग अभियान में राज्य सरकार द्वारा दी गई भारी छूट तथा कोविड–19 के कारण लग लॉकडाउन के बाद भी न्यास द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 89 प्रतिशत प्राप्त किया है। इस प्रकार प्राप्तियॉ मद के अन्तर्गत वास्तविक प्राप्तियॉ निम्न प्रकार स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

## प्राप्तियॉ मद

(राशि लाखों मे)

| क्र.स0 | विवरण | अनुमान वर्ष 2021–22 | वास्तविक वर्ष 2021–22 | अनुमान वर्ष 2022–23 |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पूॅजीगत प्राप्तियॉ | 20123.00 | 16225.26 | 18937.00 |
| 02 | राजस्व प्राप्तियॉ | 3093.00 | 3058.64 | 4152.00 |
| 03 | केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं से प्राप्तियॉ | 2010.00 | 478.53 | 2610.00 |
| 04 | निक्षेप | 1120.00 | 1136.77 | 1360.00 |
| 05 | अग्रिम | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| **योग : –** | | **26347.00** | **20899.20** | **27060.00** |

वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्राप्तियॉ मद में अनुमानित प्राप्तियॉ 26347.00 लाख के विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियॉ 20899.20 लाख रूपये एवं 2022–23 हेतु अनुमानित प्राप्तियॉ 27060.00 लाख का प्रावधान रखा गया है। विवरण निम्न है :–

### अ. पूॅजीगत प्राप्तियॉ : –

**01. भूमि/भूखण्ड विक्रय से प्राप्तियॉ :–**

पूॅजीगत प्राप्तियॉ के मद भूमि/भूखण्ड विक्रय से कुल 12976.00 लाख रूपये के स्वीकृत/ अनुमानित के विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियॉ 11371.95 लाख एवं वर्ष 2022–23 हेतु अनुमानित प्राप्तियॉ 15242.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। योजनावार प्राप्तियों का विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 14 से पृष्ठ सं. 15 पर है।

**2. निर्मित क्वाटरों/दुकानों के आवंटन/विक्रय से प्राप्तियॉ :–**

इस मद के अन्तर्गत 428.00 लाख रूपये के स्वीकृत/अनुमानित के विरूद्ध वास्तविक प्राप्ति 387.74 लाख प्राप्त हुई है तथा वर्ष 2022–23 हेतु अनुमानित प्राप्तियॉ लक्ष्य 589.00 लाख का प्रावधान रखा गया है। योजनावार प्राप्तियों का विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 16 पर है।

**3. ऋण :–**

इस मद के अन्तर्गत 1210.00 लाख स्वीकृत/अनुमानित प्रावधान के विरूद्ध वास्तविक प्राप्ति शून्य हुई है तथा आगामी वर्ष 2022–23 हेतु 1116.00 लाख रूपये प्राप्ति का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 17 पर है।

**4. अनुदान :–**

इस मद में अनुदान प्राप्ति हेतु 4074.00 लाख का प्रावधान स्वीकृत कराया गया था। परन्तु वर्ष 2021–22 में वास्तविक प्राप्ति 4000.00 लाख प्राप्त हुई है एवं अनुमान वर्ष 2022–23 हेतु 520.00 लाख का प्रावधान रखा गया है। जो राज्य सरकार से मिनी सचिवालय अलवर के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त होना है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 17 पर है।

**5. 90 ए/निजी आवासीय योजनाओं में भूमि रूपान्तरण से प्राप्त आय :–**

इस मद में 1435.00 लाख रूपये की प्राप्तियॉ प्रस्तावित थी जिसके विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियॉ 465.57 लाख रूपये प्राप्त हुई है। आगामी वर्ष 2022–23 हेतु 1470.00 लाख रूपये प्राप्ति का प्रावधान रखा गया है। प्राप्तियों को विस्तृत विवरण पृष्ठ संख्या 17 पर है।

## ब. राजस्व प्राप्तियॉ :–

राजस्व प्राप्तियों के अन्तर्गत कुल 3093.00 लाख रूपयें की प्राप्तियों का अनुमान था जिसके विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियॉ 3058.64 लाख रूपये एवं 2022–23 हेतु अनुमानित प्राप्तियॉ 4152.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 18 से पृष्ठ सं. 20 पर है।

## स. केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं से प्राप्ति :–

इस मद के अन्तर्गत कुल 2010.00 लाख रूपयें अनुमान के विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियॉ 478.53 लाख रूपये एवं 2022–23 हेतु अनुमानित प्राप्तियॉ 2610.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 21 पर है।

## द. निक्षेप :–

इस मद के अन्तर्गत ठेकेदारों की धरोहर राशि, भूखण्डों/मकानों के आवंटन एवं नीलामी हेतु जमा कराई जाने वाली धरोहर राशि आती है जिसमें बजट प्रावधान 1120.00 लाख के विरूद्ध वास्तविक प्राप्तियॉ 1136.77 लाख रूपये एवं आगामी वर्ष 2022–23 हेतु 1360.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 21 पर है।

## य. अग्रिम :–

न्यास के अधिकारी/कर्मचारियों को भवन निर्माण एवं अनाज क्रय करने हेतु अग्रिम राशि दी जाती है जिसकी वसूली मद में 1.00 लाख रूपये के विरूद्ध शून्य की वसूली हुई है। तथा वर्ष 2022–23 हेतु 1.00 लाख का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 21 पर है।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2021–22 में कुल 20899.20 लाख रूपये की वास्तविक प्राप्तियॉ हुई है। एवं वर्ष 2022–23 संभावित प्राप्तियों का अनुमान कुल 27060.00 लाख का प्रावधान रखा है।

## — : व्यय मद : —

वित्तीय वर्ष 2021—22 में कुल 26347.00 लाख रूपये के स्वीकृत/अनुमानित प्रावधान के विरूद्ध वास्तविक व्यय 12951.27 लाख तथा अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 27060.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। मदवार विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.स0 | विवरण | अनुमान वर्ष 2021—22 | वास्तविक वर्ष 2021—22 | अनुमान वर्ष 2022—23 |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सामान्य प्रशासन | 1873.00 | 2340.03 | 2487.00 |
| 02 | विकास कार्य | 12464.78 | 4268.14 | 11902.00 |
| 03 | केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं पर व्यय | 2261.00 | 189.46 | 2762.00 |
| 04 | भूमि अवाप्ति | 3709.82 | 391.87 | 2230.00 |
| 05 | मशीनरी टूल्स एण्ड प्लाटस | 19.90 | 12.99 | 54.00 |
| 06 | ऋण देयता | 3328.00 | 3670.61 | 2328.00 |
| 07 | धरोहर एवं अमानत राशि की वापिसी | 1420.00 | 1233.54 | 1525.00 |
| 08 | अन्य दायित्व | 1260.50 | 835.92 | 3762.00 |
| 09 | ई—गवेंन्स | 10.00 | 8.71 | 10.00 |
| **योग : —** | | **26347.00** | **12951.27** | **27060.00** |

### अ. सामान्य प्रशासन :—

**01. वेतन एवं भत्ते : —**

इस मद में स्वीकृत कुल व्यय 1288.00 लाख रू0 के विरूद्ध वास्तविक व्यय 1801.15 लाख किया गया है उक्त व्यय न्यास में सेवानिवृत होने वाले कॉमिको की पेंशन एवं ग्रेज्यूटी भुगतान होने पर पेंशन में अधिक राशि स्थानान्तरण करने के कारण हुई है अतः संशोधित अनुमान अनुमोदित किया जाता है एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 1667.00 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। विवरण पृष्ठ सं. 23 पर है।

**02. कार्यालय व्यय : —**

कार्यालय व्यय में 585.00 लाख रूपये का स्वीकृत/अनुमानित प्रावधान किया गया था, जिसके विरूद्ध वास्तविक व्यय 538.88 लाख रूपये एवं अनुमानित वर्ष 2022—23 हेतु 820.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 24 से पृष्ठ सं. 25.पर है।

### (ब) विकास कार्य : —

वित्तीय वर्ष 2021—22 में इस मद के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं हेतु कुल प्रावधित राशि 12464.78 लाख के विरूद्ध वास्तविक व्यय 4268.14 लाख रूपये हुआ है एवं अनुमानित वर्ष 2022—23 हेतु 11902.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है : —

**(1) न्यास योजना क्षेत्र (न्यास व एन.सी.आर) :—**

न्यास योजना क्षेत्र के अन्तर्गत न्यास योजनाओं व एन.सी.आर. योजनाओं में इस वित्तीय वर्ष में आवश्यक कार्य कराये गये है। न्यास द्वारा स्वीकृत/अनुमानित प्रावधान 5656.78 लाख रूपये के विरूद्ध वास्तविक 1883.50 लाख रूपये का व्यय हुआ एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 7120.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। पूर्ण विवरण पृथक से पृष्ठ 26 पर संलग्न है।

**(2) गैर योजना क्षेत्र :—**

इस मद में कुल स्वीकृत/अनुमानित प्रावधान 6808.00 लाख रूपये के विरूद्ध वास्तविक व्यय 2384.64 लाख हुआ है एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 4782.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृथक से पृष्ठ 27 से 29 पर संलग्न है।

**(स) केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं पर व्यय :—**

इस मद में कुल स्वीकुत/अनुमानित प्रावधान 2261.00 लाख रूपये के विरूद्ध वास्तविक व्यय 189.46 लाख हुआ है। एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 2762.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृथक से पृष्ठ 30 पर संलग्न है।

**(द) भूमि अवाप्ति :—**

वर्ष 2021—22 में इस मद के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में अवाप्त की गई भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु अनुमानित प्रावधान 3709.82 लाख के विरूद्ध वास्तविक व्यय 3971.87 लाख हुआ है एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 2230.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 31 पर है।

**(य) मशीनरी, टूल्स एवं प्लान्टस :—**

इस मद में स्वीकृत/अनुमानित प्रावधान 19.90 लाख रूपये के विरूद्ध वास्तविक व्यय 12.99 लाख रू हुआ है एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 54.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 32 पर है।

**(र) ऋण देयता :—**

इस मद में अनुमानित प्रावधान 3328.00 लाख रूपये के विरूद्ध वास्तविक व्यय 3670.61 लाख रूपये हुआ एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 2328.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 33 पर है।

**(ल) धरोहर व अमानत राशि की वापसी :—**

वित्तीय वर्ष 2021—22 में इस मद में प्रावधित राशि 1420.00 लाख के विरूद्ध वास्तविक व्यय 1233.54 लाख रूपये एवं अनुमान वर्ष 2022—23 हेतु 1525.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं..33 पर है।

**(व) अन्य दायित्व : –**

इस मद में स्वीकृत/अनुमानित प्रावधान 1260.56 लाख रूपये के विरूद्ध वास्तविक व्यय 835.92 लाख रूपये एवं अनुमान वर्ष 2022–23 हेतु 3762.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 34 पर है।

**(श) ई–गवर्नेस : –**

इस मद में वर्ष 2021–22 हेतु 10.00 लाख रूपये का प्रावधान के विरूद्ध वास्तविक 8.71 लाख रूपये व्यय हुआ है एवं वर्ष 2022–23 हेतु 10.00 लाख का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 34 पर है।

**इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2021–22 की वास्तविक प्राप्तियॉ 20899.20 लाख रूपये एवं व्यय 12951.27 लाख रूपये तथा वर्ष 2022–23 हेतु अनुमानित प्राप्तियॉ 27060.00 लाख रूपये एवं अनुमानित व्यय 27060.00 लाख रूपये न्यास के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

**फैलोराम मीणा (R.Ac.S.)**
**वरिष्ठ लेखाधिकारी**
**नगर विकास न्यास, अलवर**

**डॉ मंजू (I.A.S.)**
**सचिव**
**नगर विकास न्यास, अलवर**

# आय व्ययक अनुमान वर्ष 2022–23

वर्ष 2022–23 हेतु आय/प्राप्तियों के मद में 27060.00 लाख रूपये एवं व्यय/भुगतान मदों में 27060.00 लाख रू0 के आय–व्ययक अनुमान प्रस्तावित है। विवरण निम्न प्रकार है :–

## – : प्राप्तियॉ मद : –

(राशि लाखों में)

| क्र.सं. | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 01. | पूॅजीगत प्राप्तियॉ | 18937.00 |
| 02 | राजस्व प्राप्तियॉ | 4152.00 |
| 03 | केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं से प्राप्तियॉ | 2610.00 |
| 04. | निक्षेप | 1360.00 |
| 05. | अग्रिम | 1.00 |
| | **योग** | **27060.00** |

## – : व्यय मद : –

(राशि लाखों में)

| क्र.सं. | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 01. | वेतन एवं भत्ते | 1667.00 |
| 02. | कार्यालय व्यय | 820.00 |
| 03. | विकास कार्य | 11902.00 |
| 04. | केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं पर व्यय | 2762.00 |
| 05. | भूमि अवाप्ति | 2230.00 |
| 06. | मशीनरी टूल्स एवं प्लान्टस | 54.00 |
| 07. | त्रृण देयता | 2328.00 |
| 08. | धरोहर व अमानत राशि की वापसी | 1525.00 |
| 09. | अन्य दायित्व | 3762.00 |
| 10. | ई–गवर्नेस | 10.00 |
| | **योग** | **27060.00** |

# — : प्राप्ति मदों का विवरण : —

## (अ) पूॅंजीगत प्राप्तियॉ : —

पूॅंजीगत प्राप्तियों के अन्तर्गत वर्ष 2022—23 में निम्नानुसार राशि 27060.00 लाख रू0 की प्राप्तियों का अनुमान है।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | भूमि / भूखण्डों के विक्रय से प्राप्तियॉ | 15242.00 लाख रूपये |
| 02. | निर्मित क्वाटरों / दुकानों के आवंटन / विक्रय से प्राप्तियॉ | 589.00 लाख रूपये |
| 03. | ऋण | 1116.00 लाख रूपये |
| 04. | अनुदान | 520.00 लाख रूपये |
| 05. | 90ए / निजी आवासीय योजनाओं से प्राप्तियॉ | 1470.00 लाख रूपये |
| | योग :— | 18937.00 लाख रूपये |

**(1) भूमि / भूखण्डों के विक्रय से प्राप्तियॉ :—**

**(क) न्यास योजनाऐं :—**

इस वित्तीय वर्ष में न्यास योजनाओं में भूखण्डों के विक्रय / आवंटन से 6372.00 लाख रू. की प्राप्तियों का अनुमान है। इस वित्तीय वर्ष में न्यास द्वारा विभिन्न योजनाओं में भूखण्ड आवंटन एवं नीलामी किये जाने की सम्भावना है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 14 पर है।

**(ख) एन0सी0आर0 योजनाऐं : —**

इस वित्तीय वर्ष में एनसीआर योजनाओं में भूखण्डों की नीलामी से 7770.00 लाख रू. की प्राप्तियों का अनुमान है। न्यास द्वारा सुनियोजित रूप से नीलामी कार्यक्रम आयोजित कर लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास किये जावेगे। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 15 पर है।

**(ग) गैर योजना क्षेत्र : —**

इस वित्तीय वर्ष में गैर योजना क्षेत्र में भू—पट्टी विक्रय से एवं ओ.सी.एफ भूमि के बदले 1100.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 15 पर है।

## 02. निर्मित क्वाटरों / दुकानों के आवंटन / विक्रय से प्राप्तियॉ : —

न्यास द्वारा विभिन्न योजनाओं में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस), अल्प आय वर्ग (एलआईजी) व मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के मकान किश्तों पर आवंटित किये गये है। जिनकी मासिक किश्तों से प्राप्तियॉ होती है। साथ ही दुकानों के विक्रय से भी प्राप्तियों का अनुमान है। अतः इस वित्तीय वर्ष में इस मद में कुल 589.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 16 पर है।

**03. ऋण : –**

न्यास द्वारा शहर में विज्ञान नगर योजना एवं मिनी सचिवालय एवं भूमि अवाप्ति हेतु पर्याप्त राशि की व्यवस्था रहे अतः हुडको, एनसीआरपीबी एवं अन्य बेहतर विकल्प से कुल 1116.00 लाख रूपये का ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। विस्तृत विवरण पृष्ठ 17 पर है।

**04. अनुदान : –**

न्यास को राज्य सरकार से मिनी सचिवालय हेतु राशि रूपये 520.00 लाख का प्राप्त होने के अनुमान लिये गये है। विस्तृत विवरण पृष्ठ 17 पर है।

**05. 90 ए/निजी आवासीय योजनाओं से प्राप्तियॉ : –**

इस मद के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में भूमि रूपान्तरण एवं नियमन 700.00 लाख भूमि की कीमत/एकल पट्टा से 220.00 लाख व बाह्य विकास शुल्क एवं ले–आउट प्लॉन से 550.00 लाख कुल 1470.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है। विस्तृत विवरण पृष्ठ 17 पर है।

## (ब) राजस्व प्राप्तियॉ : –

राजस्व प्राप्तियों के अन्तर्गत नगरीय कर/लीज वसूली मद में 1600.00 लाख, भवनों/दुकानों/कियोस्क आदि के किराये से 146.00 लाख रूपये, विविध प्राप्तियों से कुल 2406.00 लाख जिसमें से मुख्यतः नक्शे स्वीकृति, साइट प्लान शुल्क आदि से 220.00 लाख निवेश पर ब्याज मद में 350.00 लाख रू. भूखण्ड पर निर्माण नही करने की शास्ती एवं ब्याज आदि से 250.00 लाख भू–उपयोग नियमन शुल्क से 500.00 लाख रूपये, अन्य विभागों के कार्यो में 272.00 लाख, तथा बी.एस.यू.पी. से 40.00 लाख इस प्रकार राजस्व प्राप्तियों से कुल 4152.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है। विवरण पृष्ठ सं. 18 से पृष्ठ सं. 20 पर है।

## (स) केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं से प्राप्तियॉ : –

केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अन्तर्गत राजीव आवास योजना मद में 10.00 लाख एवं अमृत योजना सें 2400.00 लाख एवं नेशनल क्लीन ऐयर प्रोग्राम मद में 100.00 लाख की प्राप्ति का अनुमान है। इस प्रकार केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं से कुल 2610.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है। विवरण पृष्ठ सं. 21 पर है।

## (द) निक्षेप : –

ठेकेदारों की धरोहर राशि एवं न्यास द्वारा प्रस्तावित अन्य योजनाओं में भूखण्डो/ निर्मित आवासों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने पर आवेदन पत्रों के साथ प्राप्त धरोहर राशि आदि से कुल 1360.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है। विवरण पृष्ठ सं. 21 पर है।

## (य) अग्रिम : –

न्यास द्वारा अपने कर्मचारियों को भवन निर्माण हेतु ऋण दिया हुआ है एवं अन्य ऋण मद जिसकी वसूली मद में कुल 1.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 21 पर है।

**इस प्रकार वित्तोय वर्ष 2022–23 में कुल 27060.00 लाख रूपये की प्राप्तियों का अनुमान है।**

# — : व्यय मदों का विवरण : —

## (अ) सामान्य प्रशासन :—

### 01. वेतन एवं भत्ते : —

न्यास के कर्मचारियों/अधिकारियों को वेतन एवं भत्ते भुगतान तथा यात्रा भत्ता, चिकित्सा व्यय पुर्नभरण सेवानिवृति लाभ, पेशन अंशदान व ग्रेच्यूटी आदि के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2022—23 में 1667.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 23 पर है।

### 02. कार्यालय व्यय : —

कार्यालय व्यय के अन्तर्गत पोस्टेज व टेलीफोन बिलो के भुगतान, पानी व बिजली व्यय, प्रिन्टिग स्टेशनरी, पेट्रोल व डीजल, वाहन रखरखाव व किराये के वाहन, विधिक व नीलामी व्यय, विज्ञापन व न्यास सम्पत्ति रख—रखाव आदि मदों पर कुल 820.00 लाख रूपये के व्यय का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 24 से पृष्ठ सं. 25 पर है।

## (ब) विकास कार्य :—

वित्तीय वर्ष में विकास कार्यो हेतु कुल 11902.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विवरण निम्न प्रकार है : —

### 01. न्यास योजना क्षेत्र (न्यास व एन.सी.आर.योजनाये) : —

न्यास व एन.सी.आर की विभिन्न योजनाओं में विकास कार्यों हेतु 7120.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है, जिसमें से सडक निर्माण, नाली निर्माण, पार्क विकास, विद्युत मद, पेवरीकरण, सीवरेज, नये क्वाटर एंव ऑफिस निर्माण कार्य/लैड बैंक बनाकर तार फैसिंग/पिल्लर लगाने का कार्य तथा सर्वे डिमार्केशन आदि का प्रावधान लिया हुआ है। विस्तृत विवरण पृष्ठ संख्या 26 पर है।

### 03. गैर योजना क्षेत्र : —

गैर योजना क्षेत्र में कुल 4782.00 लाख रूपये का बजट प्रावधान रखा गया है, जिसमें मुख्यतया सडक निर्माण पर 800.00 लाख, नाला—नाली निर्माण व मरम्मत पर 500.00 लाख, विद्युत कार्य 125.00 लाख, अन्य विकास कार्य पर 120.00 लाख, अन्य विभागों के कार्य 210.00 लाख, मिनि सचिवालय निर्माण पर 434.00 लाख, सर्वे एवं डिमार्केशन पर 10.00 लाख, शहर सौन्दर्यकरण पर 200.00 लाख, मन्नी का बड कम्पनी बाग में भूमिगत पार्किग निर्माण कार्य पर 1000.00 लाख, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट एवं वॉटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर निर्माण एवं रखरखाव कार्य पर 300.00 लाख, शहरी रोजगार गारण्टी योजना पर 100.00 लाख एवं शेष अन्य मदों पर भी आवश्यकतानुसार प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ संख्या 27 से पृष्ठ सं. 29 पर अंकित है।

## (स) केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं पर व्यय : –

केन्द्र प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत राजीव आवास योजना (स्लम फ्री इंडिया) मे आवासों एवं अमृत योजना में निर्माण हेतु कुल 2762.00 लाख का प्रावधान रखा गया है जिसमें राजीव आवास योजना में 250.00 लाख, शुलभ शौचालय हेतु 12.00 लाख तथा अमृत योजना के कार्यो हेतु 2400.00 लाख एवं नेशनल क्लीन ऐयर प्रोग्राम पर 100.00 लाख व्यय का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ संख्या 30 पर अंकित है।

## (द) भूमि अवाप्ति : –

न्यास द्वारा इस वर्ष अवाप्त की जा चुकी एवं अवाप्त की जाने वाली भूमियों का मुआवजा दिया जावेगा। इस हेतु न्यास की सभी योजनाओं में भूमि अवाप्ति मद हेतु 2230.00 लाख रूपये का बजट प्रावधान रखा गया है। राज्य सरकार द्वार विकसित भूमि अवार्ड स्वरूप दिये जाने पर यह राशि स्वतः कम हो सकेगी। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 31 पर है।

## (य) मशीनरी टूल्स एवं प्लान्टस : –

इस वर्ष इस मद में टूल्स एवं प्लान्टस हेतु 2.00 लाख, गुणवत्ता नियन्त्रण प्रयोगशाला एवं अन्य मशीनों पर व्यय हेतु 2.00 लाख, नये कम्प्यूटर, लेपटॉप, एलसीडी प्रोजेक्टर एवं सॉफ्टवेयर/ड्राईंग स्केनर का क्रय करने हेतु 10.00 लाख, वीसी रूम निर्माण हेतु 10.00 लाख एवं वाहन क्रय हेतु 30.00 लाख कुल 54.00 लाख रूपये का बजट प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 32 पर है।

## (र) ऋण देयता : –

न्यास द्वारा तीन आर.ओ.बी. के निर्माण एवं मिनि सचिवालय अलवर के निर्माण हेतु लिये गये ऋृण के पुर्नभुगतान हेतु ऋृण एवं ब्याज के पेटे 2328.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 33 पर है।

## (ल) धरोहर एवं अमानत राशि की वापसी : –

इस मद के अन्तर्गत 1525.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 33 पर है।

## (व) अन्य दायित्व : –

न्यास द्वारा वसूल की गई नगरीय कर राशि की 60 प्रतिशत राशि राजकोष में जमा कराने हेतु 600.00 लाख रूपये, विक्रय किये गये भू–खण्डों की 15 प्रतिशत राशि नगर परिषद् को देने हेतु 2500.00 लाख रूपये, रेरा पंजीयन व अन्य रेरा शुल्क हेतु 10.00 लाख, आयकर बकाया हेतु 200.00 लाख रूपये, मेले/उत्सव/सैन्य भर्ती/डी.टी.पी. कार्यालय हेतु 100.00 लाख एवं राजस्थान शहरी विकास निधि द्वितीय हेतु 200.00 लाख का प्रावधान रखते हुए कुल 3762.00 लाख रूपये का बजट प्रावधान रखा गया है। विस्तृत विवरण पृष्ठ सं. 34 पर अंकित हैं।

**(श) ई–गवर्नेस : –**

इस मद में वर्ष 2022–23 हेतु 10.00 लाख का प्रावधान रखा गया है। विवरण पृष्ठ सं. 34 पर है।

**अतः उपरोक्तानुसार वित्तीय वर्ष 2022–2023 हेतु प्राप्तियॉ 27060.00 लाख रूपये एवं व्यय 27060.00 लाख रूपये के अनुमान/प्रस्ताव तैयार किये गये है। उक्त प्रस्ताव तैयार करते समय अरबन इम्प्रूरमेंन्ट एक्ट 1959, अरबन इम्प्रूरेमेंन्ट रूल्स 1961 एवं अन्य सम्बन्धित नियमों, केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी पॉलिसी, परिपत्र नियमों, निर्देशों एवं प्रचलित विभागीय कार्यो तथा वर्तमान/भावी आवश्यकता/मांग को ध्यान में रखते हुये न्यास में विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से हुये विचार विमर्श आदि का पूर्ण समावेश करने की कोशिश की गई है। तैयार किया गया आय–व्ययक अनुमान वर्ष 2022–23, न्यास के समक्ष अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है।**

फैलोराम मीणा (R.Ac.S.)
वरिष्ठ लेखाधिकारी
नगर विकास न्यास, अलवर

डॉ मंजू (I.A.S.)
सचिव
नगर विकास न्यास, अलवर